**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, LUCKNOW REGION**
**अर्द्धवार्षिक परीक्षा (प्रथम सत्रांत परीक्षा )**

**HALF YEARLY EXAMINATION (1st TERM END EXAMINATION)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **विषय SUBJECT** | **SOCIAL SCIENCE** | **सत्र -2023-24** Session(2023-24) | **समय / TIME** | **2.30 HRS.** |
| **कक्षा /CLASS** | **VIII** | | **MM** | **60 marks** |

सामान्य निर्देश:

1 प्रश्न पत्र में 29 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न संख्या 1 से 14 तक प्रत्येक 1 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।

3.प्रश्न संख्या 15 से 19 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4 प्रश्न संख्या 20 से 22 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 3 अंक हैं।

5 प्रश्न संख्या 23 से 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं।

6. प्रश्न संख्या 26 से 28 स्रोत आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं।

7. प्रश्न संख्या 29 मानचित्र आधारित प्रश्न है, जिसके 3 अंक हैं।

**General** Instructions:
***i.*** *There are 29 questions in the question paper. All questions are compulsory.*
***ii.*** *Question no. 1 to 14 are Objective Type Questions of 1 mark each.*
***iii.*** *Question no. 15 to 19 are very short answer type questions, carrying 2 marks each.*
***iv.*** *Question no. 20 to 22 are short answer type questions, carrying 3 marks each.*
***v.*** *Question no. 23 to 25 are long answer type questions, carrying 4 marks each.*
***vi.*** *Question no. 26 to 28 are source based questions, carrying 4 marks each.*
***vii.*** *Question no. 29 is Map based question, carrying 3 marks .*

| Q. | Questions | M |
|---|---|---|
| 1- | ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया पुस्तक किसने लिखी?<br>ए) जेम्स मिल बी) वॉरेन हेस्टिंग्स सी) प्रिंस आर्थर डी) महात्मा गांधी<br><br>Who wrote the book- A History Of British India?<br>a) James Mill b) Warren Hastings c) Prince Arthur d) Mahatma Gandhi | 1 |
| 2. | झाँसी, सतारा, नागपुर, संभलपुर आदि भारतीय रियासतें अंग्रेजों की किस नीति द्वारा अंग्रेजी साम्राज्य में विलय की गई ?<br>ए) सहायक संधि द्वारा बी) युद्ध द्वारा सी) लालच देकर डी) हड़प नीति द्वारा<br><br>By which policy of the British, the Indian princely states like Jhansi, Satara, Nagpur, Sambalpur etc. were merged into the British Empire?<br>A) By Subsidiary Alliance b) By war C) By Offering Greed d) By doctrine of lapse | 1 |
| 3. | किस वर्ष मुगल सम्राट ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल का दीवान नियुक्त किया?<br>ए) 1785 बी) 1782 सी) 1741 डी) 1765<br><br>In which year the Mughal emperor appointed the East India Company as the Diwan of Bengal?<br>a) 1785 b) 1782 c)1741 d) 1765 | 1 |



https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| 4. | निम्नलिखित में से कौन सा एक महत्वपूर्ण कारक माना जाता है जो किसी पदार्थ को संसाधन में बदलता है?<br>ए) स्टॉक बी) प्रौद्योगिकी सी) समय<br>डी) उत्पत्ति<br>Which one of the following is considered as an important factor that change a substance into resource?<br>a) Stock b) Technology c) Time d) Origin | 1 |
| 5. | संसाधनों के उपयोग की आवश्यकताओं को संतुलित करना और भावी पीढ़ियों के लिए उनका संरक्षण करना कहलाता है<br>ए) विकास बी) अवमूल्यन सी ) सतत पोषणीय विकास<br>डी ) गिरावट<br>Balancing the needs to use resources and also conserve them for future generations is called----<br>a) Development b) Devaluation c) Sustainable development d) Degradation | 1 |
| 6. | व्यावसायिक उपयोग के लिए सब्जियाँ, फूल और फल उगाने के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?<br>ए) होर्टीकल्चर बी) विटीकल्चर सी) सेरी कल्चर<br>डी ) पिसीकल्चर<br>What is the term used for growing vegetables, flowers and fruits for commercial use?<br>a)Horticulture b) Viticulture c) Sericulture d) Pisciculture | 1 |
| 7. | संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?<br>ए) जवाहर लाल नेहरू बी) डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सी) एच.सी.मुखर्जी डी) डॉ.राजेंद्र प्रसाद<br>Who was the President of the Constituent Assembly?<br>a) Jawahar Lal Nehru b) Dr. B.R. Ambedkar c) H.C.Mukherjee d) Dr.Rajendra Prasad | 1 |
| 8. | कौन सा मौलिक अधिकार मानव तस्करी, जबरन श्रम और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर रोक लगाता है?<br>ए ) शोषण के विरुद्ध अधिकार बी ) स्वतंत्रता का अधिकार<br>सी ) समानता का अधिकार डी ) संवैधानिक उपचार का अधिकार<br>Which Fundamental Right prohibits human trafficking, forced labour and employment of children under 14 years of age?<br>a) Right against exploitation b) Right to freedom<br>c) Right to equality d) Right to Constitutional Remedies | 1 |
| 9. | धर्म को राज्य से अलग करना कहलाता है------<br>ए) संघवाद बी) धर्मनिरपेक्षता सी ) प्रभुत्व<br>डी ) संप्रभु<br>Separation of religion from state is called---------<br>a) Federalism b) Secularism c) Domination d) Sovereign | 1 |
| 10 | A-भारत और सयुंक्त राज्य अमेरिका दोनों धर्म निरपेक्ष राज्य हैं<br>B-दोनों राज्य समानता स्थापित करने के लिए धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं<br>ए) A और B दोनों सहीं हैं बी) Aऔर B दोनों गलत हैं | 1 |



https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| | सी ) A सही और B गलत है डी) A गलत और B सही है<br>A-Both India and the United States are secular states.<br>B-Both states interfere in religious matters to establish equality<br>a) Both A and B are true b) Both A and B are false<br>c) A is true and B is false d) A is false and B is true | |
| 11 | स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के बीच संपर्क के संकीर्ण क्षेत्र को -------- कहा जाता है<br>ए) पारिस्थितिकी तंत्र बी) अभयारण्य सी ) क्षोभमंडल<br>डी) जीवमंडल<br>The narrow zone of contact between lithosphere, hydrosphere and atmosphere is called --------<br>a) Ecosystem b) Sanctuaries c) Troposphere d) Biosphere | 1 |
| 12 | दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों द्वारा बनाई गई सरकार कहलाती है------<br>ए) गठबंधन सरकार बी) लोकतांत्रिक सरकार सी) राजशाही<br>डी) तानाशाही<br>A government formed by two or more than two political parties is called -------<br>a) Coalition government b) Democratic government c) Monarchy d) Dictatorship | 1 |
| 13 | ब्रिटिश शासन के दौरान किस अधिनियम ने कुछ निर्वाचित प्रतिनिधित्व की अनुमति दी थी?<br>ए) भारत सरकार अधिनियम 1919 बी) भारत सरकार अधिनियम 1909<br>सी) भारत सरकार अधिनियम 1916 डी) भारत सरकार अधिनियम 1946<br>During the British rule which Act allowed some elected representation?<br>a) Government of India Act 1919 b) Government of India Act 1909<br>c) Government of India Act 1916 d) Government of India Act 1946 | 1 |
| 14 | पीआईएल का पूर्ण रूप क्या है?<br>ए) पब्लिक इंटरेस्ट लिमिटेड बी) प्राइवेट इनिशिएटिव लिमिटेड<br>सी ) पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन घ) पब्लिक इंटरेस्ट लेजिसलेचर<br>What is the full form of PIL?<br>a) Public Interest Limited b) Private Initiative limited<br>c) Public Interest Litigation d) Public Interest Legislature | 1 |
| 15 | एक ही धर्म में भिन्न-भिन्न विचार दर्शाने वाले कोई दो उदाहरण दीजिए।<br>Give any two examples to show different views within the same religion. | 2 |
| 16 | अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेज़ों को सुरक्षित क्यों रखा?<br>Why did the British preserve official documents? | 2 |
| 17 | बागान कृषि क्या है?<br>What is plantation agriculture? | 2 |
| 18 | जल संरक्षण के कोई दो उपाय सुझाइये।<br>Suggest any two ways to conserve water. | 2 |
| 19 | आदिवासी प्रमुखों की शक्तियों में औपनिवेशिक सरकार के अंतर्गत क्या बदलाव आये<br>How did the powers of tribal chiefs change under colonial rule? | 2 |
| 20 | भारतीय संसद के कौन कौन से कार्य हैं ?<br>What are the functions of the Indian Parliament? | 3 |
| 21 | सतत पोषणीय विकास से आप की क्या समझ है? आप इसको अपने देश में किस प्रकार सुनिश्चित कर सकते हैं ?<br>What do you understand by sustainable development? How can you ensure this in your country? | 3 |
| 22 | यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों को भारत की ओर किस चीज़ ने आकर्षित किया?<br>What attracted European trading companies to India? | 3 |
| 23 | भारत के संविधान के कोई चार मुख्य लक्षणों का वर्णन कीजिए?<br>Describe any four key features of Indian Constitution? | 4 |



https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| 24 | आदिम निर्वाह और गहन निर्वाह कृषि में क्या अंतर है<br>What are differences between primitive and intensive subsistence farming? | 4 |
| 25 | स्थायी बंदोबस्त की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये।<br>Describe the main features of Permanent Settlement. | 4 |
| 26 | नीचे दिए गए श्रोत को पढ़ें और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तरदीजिये<br>पृथ्वी की सतह को ढकने वाली दानेदार पदार्थ की परत को मिट्टी कहा जाता है। इसका जमीन से गहरा रिश्ता है।<br>भू-आकृतियों द्वारा मिट्टी के प्रकार निर्धारित किये जाते हैं। मिट्टी पृथ्वी पर पाए जाने वाले जैविक पदार्थ , खनिज और अपक्षयित चट्टानों से बनी है। यह अपक्षय की प्रक्रिया का परिणाम होती है। खनिज और जैविक पदार्थ का सही मिश्रण मिट्टी को उर्वर बनाता है। भू-स्खलन को समान्यतः शैल, मलबा या ढाल से गिरने वाली मिट्टी के वृहत संचालन के रूप में परिभाषित किया जाता है । वे प्रायः भूकंप, ज्वालामुखी और बाढ़ के साथ घटित होते हैं। लंबे समय तक भरी वर्षा होने से भू- स्खलन आते हैं। नदी अवरुद्धता के अचानक फूट पड़ने से निचली घाटियों के आवासों में विध्वंस आ जाता है। पहाड़ी भू भागों में भू-स्खलन एक मुख्य आर विस्तृत रूप से फैली प्राकृतिक आपदा है जो प्रायः जीवन और संपत्ति को आघात पहुंचाती है और चिंता का विषय है ।<br>ए) मिट्टी का प्रकार क्या निर्धारित करता है?<br>ख) मिट्टी को उर्वर क्या बनाते है?<br>ग) भू-स्खलन क्या हैं? आम तौर पर ये किस प्रकार के क्षेत्रों में आते हैं?<br>Read the passage given below and answer the questions that follow-<br>The thin layer of grainy substance covering the surface of the earth is called soil. It is closely linked to land. Landforms determine the type of soil. Soil is made up of organic matter, minerals and weathered rocks found on the earth. This happens through the process of weathering. The right mix of minerals and organic matter make the soil fertile. Landslides are simply defined as the mass movement of rock, debris or earth down a slope. They often take place in conjunction with earthquakes, floods and volcanoes. A prolonged spell of rainfall can cause heavy landslide that can block the flow of river for quite some time. The formation of river blocks can cause havoc to the settlements downstream on its bursting. In the hilly terrain landslides have been a major and widely spread natural disaster that often strike life and property and occupy a position of major concern.<br>A) What determines the type of soil?<br>B) What makes soil fertile?<br>C) What are landslides? In which terrain do landslides usually occur? | 4 |
| 27 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ें और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दें-<br>1895 में बिरसा नाम के एक व्यक्ति को झारखंड के छोटानागपुर के जंगलों और गांवों में घूमते देखा गया था। लोग कहते थे कि उसके पास चमत्कारी शक्तियाँ हैं - वह सभी बीमारियों को ठीक कर सकता है और अनाज को बढ़ा सकता है। बिरसा ने स्वयं घोषणा की कि भगवान ने उन्हें अपने लोगों को मुसीबत से बचाने, उन्हें दिकुओं (बाहरी लोगों) की गुलामी से मुक्त कराने के लिए नियुक्त किया है। बिरसा का जन्म मुंडा परिवार में हुआ था - एक आदिवासी समूह जो छोटानागपुर में रहता था। उनके सभी आदिवासी अनुयायी अलग-अलग तरीकों से उन | 4 |



https://www.evidyarthi.in/

परिवर्तनों से नाखुश थे जो वे ब्रिटिश शासन के तहत अनुभव कर रहे थे और जिन समस्याओं का सामना कर रहे थे। उनके जीवन के परिचित तरीके लुप्त होते दिख रहे थे, उनकी आजीविका खतरे में थी और उनका धर्म खतरे में दिख रहा था। 1895 में बिरसा ने अपने अनुयायियों से अपने गौरवशाली अतीत को पुनः प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने अतीत के स्वर्ण युग की बात की - एक सतयुग (सच्चाई का युग) - जब मुंडा एक अच्छा जीवन जीते थे, तटबंधों का निर्माण करते थे, प्राकृतिक झरनों का दोहन करते थे, पेड़ और बगीचे लगाते थे, अपनी आजीविका कमाने के लिए खेती करते थे। वे अपने भाइयों और सम्बन्धियों को नहीं मारते थे । वे ईमानदारी से रहते थे. बिरसा भी चाहते थे कि लोग एक बार फिर अपनी ज़मीन पर काम करें, बस जाएँ और अपने खेतों में खेती करें।

A) बिरसा का जन्म कहाँ हुआ था?

ख) दिकु किसे माना जाता था?

ग) बिरसा का स्वर्ण युग का स्वप्न क्या था?

Read the passage given below and answer the questions that follow-

In 1895, a man named Birsa was seen roaming the forests and villages of Chottanagpur in Jharkhand. People said he had miraculous powers – he could cure all diseases and multiply grain. Birsa himself declared that God had appointed him to save his people from trouble, free them from the slavery of dikus (outsiders). Birsa was born in a family of Mundas – a tribal group that lived in Chottanagpur. All of his tribal followers in different ways were unhappy with the changes they were experiencing and the problems they were facing under British rule. Their familiar ways of life seemed to be disappearing, their livelihoods were under threat, and their religion appeared to be in danger. In 1895, Birsa urged his followers to recover their glorious past. He talked of a golden age in the past – a satyug (the age of truth) – when Mundas lived a good life, constructed embankments, tapped natural springs, planted trees and orchards, practised cultivation to earn their living. They did not kill their brethren and relatives. They lived honestly. Birsa also wanted people to once again work on their land, settle down and cultivate their fields.

A) Where was Birsa born?

B) Who were considered as dikus?

C) What was Birsa's vision of golden age?

28 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ें और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दें- 4

हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा में अदालतें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यदि किसी नागरिक को लगता है कि उसके अधिकारों का हनन हो रहा है तो वह न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। हालाँकि अदालतें सभी के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन वास्तव में भारत में अधिकांश गरीबों के लिए अदालतों तक पहुंच हमेशा कठिन रही है। कानूनी प्रक्रियाओं में बहुत सारा पैसा और कागजी कार्यवाही के साथ-साथ बहुत समय भी लगता है। इसे हल करने के लिए ,1980 के दशक की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने न्याय तक पहुंच बढ़ाने के लिए जनहित याचिका या पी आई एल की एक व्यवस्था तैयार की। इसने किसी भी व्यक्ति या संगठन को उन लोगों की ओर से उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की अनुमति दी जिनके अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा था। कानूनी प्रक्रिया को बहुत सरल बनाया गया और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय को



https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| | संबोधित एक पत्र या टेलीग्राम को भी जनहित याचिका के रूप में माना जा सकता है।<br>क) मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में क्या किया जा सकता है?<br>ख) गरीबों के लिए अदालतों तक पहुँच पाना कठिन क्यों है?<br>सी) पी आई एल क्या है?<br>Read the passage given below and answer the questions that follow-<br>The courts play a very significant role in protecting our Fundamental Rights. If any citizen believes that their rights are being violated, then they can approach the court for justice to be done. While the courts are available for all, in reality access to courts has always been difficult for a vast majority of the poor in India. Legal procedures involve a lot of money and paperwork as well as take up a lot of time. In response to this, the Supreme Court in the early 1980s devised a mechanism of Public Interest Litigation or PIL to increase access to justice. It allowed any individual or organisation to file a PIL in the High Court or the Supreme Court on behalf of those whose rights were being violated. The legal process was greatly simplified and even a letter or telegram addressed to the Supreme Court or the High Court could be treated as a PIL.<br>A) What can be done in case of violation of Fundamental Rights?<br>B) Why is it difficult for poor to have access to the courts?<br>C) What is PIL? | |
| 29 | विश्व के दिये गए मानचित्र पर निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिये –<br>i) ऑस्ट्रेलिया या संयुक्त राज्य अमेरिका<br>ii) मद्रास, लाहौर और कलकत्ता में कोई भी दो<br>Mark and name the following places on the given map of the world-<br>i) Australia Or USA<br>ii) Any two from Madras, Lahore and Calcutta | 3 |



https://www.evidyarthi.in/

# WORLD POLITICAL

Name :

Class : Sec : Roll No. :

School :




Published by :- INDIAN MAP HOUSE इंडियन मैप हाउस
The Map Connection
K. P. Road, Gaya 823001 (Bihar) | ✆:9031223281, 9934024191
E-mail:indianmaphouse@rediffmail.com | Web:www.indianmaphouse.in

© Government of India, Copyright 2013.
1. The responsibility of the correctness of internal details rests with the publisher.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
3. The External Boundary and Coastline of India on the map agrees with the Record/Master copy certified by the Survey of India.

Class Teacher's Signature



https://www.evidyarthi.in/






https://www.evidyarthi.in/